गोविद बल्लभ पंत

[स्रोत: हिदुस्तान टाइम्स](#)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के **प्रथम मुख्यमंत्री गोविद बल्लभ (जी.बी.) पंत** (1887-1961) को उनकी पुण्यतिथि (7 मार्च) पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

- **जी.बी. पंत प्रारंभिक जीवन:** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में जन्मे पंत गोपाल कृष्ण गोखले और मदन मोहन मालवीय से प्रेरित थे।
- **स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका:** नमक मार्च (1930) और **सविनय अवज्ञा आंदोलन (1930)** और भारत छोड़ो आंदोलन (1942) में सक्रिय भागीदार।
- **राजनीतिक यात्रा:** संविधान सभा के सदस्य बने और भारतीय संविधान के निर्माण में योगदान दिया।
  - **उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री** के रूप में जी.बी. पंत ने जमींदारी उन्मूलन की दिशा में कार्य करने के साथ आधुनिकीकरण पर बल दिया।
  - जी.बी. पंत को वर्ष 1955 में **जवाहरलाल नेहरू** ने **केंद्रीय गृह मंत्री** नियुक्त किया था और उन्होंने **हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषाओं** में से एक के रूप में स्थापित करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी।
- **सम्मान और विरासत: वर्ष 1957** में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनकी राजनीतिक विरासत में चौधरी चरण सिह जैसे **यूपी के नेताओं का मार्गदर्शन** शामिल है।

//



और पढ़ें: पंडित गोविद बल्लभ पंत